PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 237 ● भिलाई, सोमवार 30 मार्च 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### मौसम विभाग ने उत्तराखंड 3अप्रैल तक किया अलर्ट जारी

**देहरादून।** मौसम विभाग ने उत्तराखंड के लिए 3 अप्रैल तक का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 29 से 31 मार्च तक राज्य के सभी जिलों में बारिश होने का अनुमान है। वहीं, ऊंचाई वाले क्षेत्रों यानी 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई पर बर्फबारी भी होगी। अप्रैल महीने की शुरुआत भी बारिश से होगी, जिससे मौसम में ठंडक बनी रहेगी। 29 मार्च को पूरे प्रदेश में बारिश होगी। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। अन्य जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। 30 मार्च को मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दिन उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कई स्थानों पर बारिश और गर्जन के साथ बर्फबारी होगी। मैदानी जिलों में भी हल्की बारिश की संभावना है। 31 मार्च को भी पर्वतीय जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी। मैदानी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश और गर्जन की संभावना जताई गई है।

### आशुतोष ब्रह्मचारी को बम से उड़ाने की धमकी

**प्रयागराज।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर यौन उत्पीड़न की एफआईआर कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी को जान से मारने की धमकी मिली है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया कि अंजान नंबर से कॉल करने वाले ने कहा कि शंकराचार्य के केस की पैरवी बंद कर दो वरना बम से उड़ा देंगे। तुम्हे और तुम्हारे वकील सौरभ गुप्ता को उठवा लेंगे। आशुतोष ब्रह्मचारी ने धमकी मिलने के बाद शामली पुलिस से शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार शाम को पुलिस टीम उनके घर पहुंची और जानकारी ली। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, 25 मार्च को अज्ञात मोबाइल नंबर +923200605681 से धमकी वाली कॉल आई थी। एसएसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा- मामले की जांच की जा रही है। आशुतोष महाराज, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बटुकों से यौन शोषण के आरोप के मामले के पैरवीकार हैं। उन्होंने ही बटुकों को कोर्ट के सामने पेश कर एफआईआर कराई थी। हालांकि, शंकराचार्य को इस मामले में हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है।

### भाजपा सरकार फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना रही है: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि प्रदेश में फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। जनता को झूठे सपने दिखाकर छला जा रहा है और बजट के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है।अखिलेश यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन हो या लोक निर्माण विभाग के कार्य, हर जगह कमीशनखोरी हो रही है ।

---

क्यों डरे हैं कम्युनिस्ट और कांग्रेस?

# बीजेपी आई तो खुलेंगे काले कारनामों के राज-पीएम मोदी

तिरुवनंतपुरम/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए पलक्कड़ पहुंचे। यहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल मुंडू (धोती) पहने हुए नजर आए। जनसभा में पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला जब प्रधानमंत्री ने केरल के प्रसिद्ध वाद्य यंत्र 'चेंडा' (ड्रम) पर अपना हाथ आजमाया। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ चेंडा बजाया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार उन्हें केरल में एक अलग ही माहौल दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि केरल इस बार बदलाव का संदेश भेज रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए की बढ़ती लोकप्रियता और भाजपा पर लोगों का भरोसा अब साफ दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद भीड़ के उत्साह को देखकर कहा कि पलक्कड़ का यह मिजाज अब एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केरल के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस बदलाव का श्रेय केरल की जनता के आशीर्वाद और भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने उन कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने केरल में राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी जान गंवाई है। प्रधानमंत्री ने



केरल की सुंदरता की तारीफ करते हुए कहा कि इसे 'सुंदरतम' क्यों कहा जाता है, इसका एहसास पलक्कड़ आते ही हो जाता है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केरल दशकों से स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ को 'भ्रष्ट' और 'महाभ्रष्ट' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों गठबंधनों की नीतियां केवल वोटबैंक के लिए होती हैं और इन्हें विकास की कोई परवाह नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दोनों ने दशकों तक केरल को लूटा और आपस में लाभ बांटा है। इनके बीच समझौता था कि कुछ साल एक सरकार चलाएगी और फिर दूसरी। प्रधानमंत्री ने जनता को आगाह किया कि ये दोनों पार्टियां भाजपा से डरती हैं क्योंकि उन्हें डर है कि भाजपा सत्ता में आई तो उनके काले कामों का पर्दाफाश हो जाएगा। उन्होंने बताया कि ये दल देश के अन्य राज्यों जैसे बिहार, तमिलनाडु और झारखंड में एक साथ गठबंधन में हैं, लेकिन केरल में एक-दूसरे को बुरा-भला कहकर जनता को धोखा दे रहे हैं। केरल में भाजपा और एनडीए की टीमें सरकार बनाने के लिए मैदान में उतर चुकी हैं।

### बीजेपी से एलडीएफ और यूडीएफ दोनों को डर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि केरलम में एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ही भाजपा पर निशाना साध रही है, दोनों भ्रष्टाचारी पार्टियां भाजपा से डरी हैं। इन्हें भाजपा का डर इसलिए है क्योंकि इन्हें लगता है कि अगर भाजपा यहां सरकार में आ गई तो इनके सारे काले कारनामों का सच सामने आ जाएगा। दशकों से एलडीएफ और यूडीएफ ने यहां बड़े घोटाले किए हैं लेकिन इन दलों की सरकारें कभी भी एक-दूसरे पर कार्रवाई नहीं करती। ये आपके सामने सिर्फ झूठे बयान देते हैं भाजपा आई तो इनकी जांच कराएगी इसलिए ये डर रहे हैं।

---

कांग्रेस ने चला इंदिरा गारंटी का दांव

## वेणुगोपाल बोले-इससे तय होगी हमारी जीत...

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम में आगामी विधानसभा चुनाव में होने वाले सियासी दंगल को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस बीच कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दावा किया है कि कांग्रेस की इंदिरा गारंटी केरल में आगामी चुनावों में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनकर उभर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी के उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान घर-घर जाकर गारंटी कार्ड वितरित कर रहे हैं। महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा: सरकारी बसों में सभी महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा। स्वास्थ्य बीमा: ओमान चांडी स्वास्थ्य बीमा के तहत सभी



परिवारों को 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज। छात्राओं के लिए वित्तीय सहायता: कॉलेज जाने वाली सभी लड़कियों को प्रति माह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता। कल्याण पेंशन में वृद्धि: कल्याण पेंशन को बढ़ाकर 3000 रुपये प्रति माह करना।

---

होर्मुज संकट के बीच भारत को बड़ी राहत

# दो और एलपीजी टैंकर करीब 94 हजार टन खाड़ी से रवाना,सरकार ने भी गैस को लेकर की ये अपील......

नई दिल्ली/ एजेंसी

होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्ध जैसे हालात के बीच भारत के लिए राहत की खबर आई है। देश के दो और एलपीजी टैंकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये टैंकर देश की एक दिन की रसोई गैस की जरूरत पूरी करने जितनी गैस लेकर आ रहे हैं। इसी बीच सरकार ने भी साफ कहा है कि देश में गैस और ईंधन की कमी नहीं है और लोगों को घबराकर खरीदारी नहीं करनी चाहिए। सरकारी जानकारी के मुताबिक, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी जहाज करीब 94 हजार टन गैस लेकर होर्मुज पार कर चुके हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च तक मुंबई पहुंचेगा, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम अप्रैल तक न्यू मैंगलोर पहुंचेगा। इस्राइल और अमेरिका के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई थी। हालांकि अब कुछ जहाज सुरक्षित निकलने लगे हैं। इससे पहले चार भारतीय टैंकर भी सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं। पाइन गैस और जग वसंत करीब 92,612 टन गैस लेकर 26 से 28



मार्च के बीच भारत पहुंचे। वहीं, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी भी इससे पहले गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंच चुके हैं। इससे देश में गैस सप्लाई को बड़ी राहत मिली है। भारत अपनी करीब 60 प्रतिशत रसोई गैस जरूरत आयात से पूरी करता है। देश में पिछले साल 33.15 मिलियन टन एलपीजी की खपत हुई। इसमें से करीब 90 प्रतिशत गैस पश्चिम एशिया से आती है। ऐसे में होर्मुज रास्ता बंद होने का सीधा असर भारत की सप्लाई पर पड़ता है। अब भारत अमेरिका और अर्जेंटीना जैसे देशों से भी गैस मंगा रहा है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपये प्रति लीटर घटा दी है। वहीं डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क बढ़ाया गया है। गैस सेक्टर में घरों और ट्रांसपोर्ट को 100 प्रतिशत सप्लाई दी जा रही है। उद्योगों को सीमित गैस दी जा रही है। साथ ही पीएनजी कनेक्शन तेजी से बढ़ाए जा रहे हैं, ताकि एलपीजी पर दबाव कम हो। सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

---

कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

## 25 लाख रूपए तक का बीमा और महिलाओं को कैश-खड़गे

नई दिल्ली/ एजेंसी

असम विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस इस बार काफी आक्रामक है और पार्टी को उम्मीद है कि नतीजे उसके पक्ष में होंगे। ऐसे में आक्रामक चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह घोषणा पत्र जारी किया और इस मौके पर नोओबोइचा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी की 5 गारंटियों की घोषणा की। कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा जारी पार्टी के इस चुनावी घोषणापत्र में कहा गया है कि अगर राज्य में पार्टी सत्ता में आती है तो महिलाओं के खाते में



कैश ट्रांसफर के साथ ही स्वास्थ्य बीमा और भूमि अधिकार सहित पांच प्रमुख वादों को पूरा किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने बीजेपी की डबल इंजन सरकार (केंद्र एवं राज्य) पर हमला बोलते हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि बीजेपी असम में अपने 'डबल इंजन' का इस्तेमाल लूट करने और दिल्ली में अपने नेताओं की तिजोरियां भरने के लिए कर रही है। खड़गे ने यह ऐलान किया है कि अगर कांग्रेस असम की सत्ता में आती है तो जुबिन गर्ग की मौत के मामले में 100 दिन के भीतर न्याय होगा। जनसभा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा सरकार की तरह सालाना भूमि पट्टा जारी करने के बजाय, कांग्रेस 10 लाख भूमिपुत्रों (आदिवासी निवासियों) को स्थायी पट्टा देगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि लोगों को हर साल अपने रिकॉर्ड को रिन्यू नहीं कराना पड़ेगा।

---

### गैस संकट वैश्विक युद्ध और अमेरिकी नीतियों पर जताया आक्रोश

**देहरादून।** संयुक्त नागरिक संगठन की ओर से रेसकोर्स में 'घरेलू गैस की किल्लत के मूल कारण और भारतीय विदेश नीति' विषय पर आयोजित संवाद में प्रबुद्ध नागरिकों ने वर्तमान गैस संकट के लिए वैश्विक परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। वक्ताओं ने कहा कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध और रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों की तपिश अब आम आदमी की रसोई तक पहुंच चुकी है। संवाद में नागरिकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों और रूसी तेल आयात पर पाबंदियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे 'हिटलरशाही' करार दिया।

---

अमित शाह ने सोनितपुर रैली में कही बड़ी बात

## बीजेपी ने असम को आतंकवाद से किया मुक्त-गृहमंत्री अमित....

नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के सोनितपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं। अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं। सोनितपुर रैली में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते हुए अमित शाह ने जनता से कहा कि आपको ऐसे असम के लिए वोट देना चाहिए जो घुसपैठियों से मुक्त हो। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आपको



एक शांतिपूर्ण और विकसित असम के लिए वोट देना चाहिए। आपको असम के युवाओं के लिए अवसरों और रोजगार के लिए वोट देना चाहिए। अमित शाह ने आगे कहा कि एक तरफ बीजेपी है जिसने पिछले दस सालों में असम को आतंकवाद से मुक्त किया है। इसके विपरीत, कांग्रेस के शासन के दौरान असम ने बम धमाके, गोलीबारी और कई युवाओं की दुखद मौतें देखीं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने असम में शांति स्थापित की है और 10 हजार युवाओं को हथियार छोड़ने और एक बेहतर भविष्य अपनाने में मदद की है। जनसभा में अमित शाह ने घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं। हालांकि पिछले दस सालों में हम और घुसपैठ रोकने में कामयाब रहे हैं। लेकिन सिर्फ घुसपैठ रोकना ही काफी नहीं है।

---

सऊदी एयरबेस पर ईरानी हमला

# अमेरिका का टोही विमान दो टुकड़ों में बंटा, 10 कर्मचारी घायल

नई दिल्ली/ एजेंसी

सऊदी अरब में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर ईरान ने एक भीषण हमला कर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। इस हमले के दौरान अमेरिकी वायुसेना के सबसे महत्वपूर्ण टोही विमान AWACS को निशाना बनाया गया है। ईरानी मीडिया के अनुसार स-सऊदी प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर हमले के कारण यह विमान दो टुकड़ों में बंट गया है। यह घटना दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव को एक नए और खतरनाक स्तर पर ले गई है। ईरानी प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार यह भीषण हमला शुक्रवार 29 मार्च 2026 को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर अंजाम दिया गया। इस हमले में ईरान ने अपनी अत्याधुनिक 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और कुल 29 आत्मघाती हमलावर ड्रोन्स का एक साथ व्यापक इस्तेमाल किया है। हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि वहां मौजूद सुरक्षा घेरा विमानों को पूरी तरह बचाने में विफल साबित हुआ। इस मिसाइल और ड्रोन हमले के परिणामस्वरूप कम से कम 10 अमेरिकी कर्मचारी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं जो वहां तैनात थे। एसोसिएटेड प्रेस की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक घायल कर्मचारियों में से दो की हालत इस समय काफी नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। हालांकि अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंट्रकॉम ने अब तक इस हताहतों की संख्या पर कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं किया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना ने सोशल मीडिया पर हमले के बाद पूरी



तरह तबाह हुए अमेरिकी विमान की तस्वीरें भी साझा की हैं। इन तस्वीरों में स्पष्ट देखा जा सकता है कि शक्तिशाली धमाके के कारण विमान का पूरा ढांचा बीच से दो हिस्सों में बंट चुका है। अब इस विशालकाय जासूसी विमान का केवल अगला और पिछला हिस्सा ही सुरक्षित बचा हुआ दिखाई दे रहा है जिसे लोग देख रहे हैं। विमान की तस्वीरें जारी करने के साथ ही ईरान ने अमेरिकी रक्षा प्रणालियों की अंतरराष्ट्रीय प्रभावशीलता पर भी एक बड़ा सवालिया निशान लगाया है। ईरान का कहना है कि अमेरिका के दावे के विपरीत उनके एयर डिफेंस सिस्टम अपने सबसे महत्वपूर्ण सैन्य संसाधनों की रक्षा करने में सक्षम नहीं रहे। इस बयान के जरिए ईरान ने पश्चिम एशिया में अपनी रणनीतिक सैन्य श्रेष्ठता साबित करने की पूरी कोशिश दुनिया के सामने की है। ईरानी सेना के अनुसार इस हमले में केवल AWACS विमान ही नहीं बल्कि वहां खड़े कई अन्य महत्वपूर्ण रिफ्यूलिंग विमानों को भी क्षति पहुंची है। इसके अलावा ईरान ने एक अमेरिकी एमक्यू-9 जासूसी ड्रोन को मार गिराने और एक एफ 16 लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का भी बड़ा दावा किया है। इन दावों ने क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सेना की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नई वैश्विक रणनीतिक चिंताएं अचानक बहुत बढ़ा दी हैं। ईरान के इस आक्रामक कदम ने खाड़ी देशों में शांति की संभावनाओं को कम कर दिया है।

### पूरे पश्चिम एशिया में फैल रही है जंग की आग

28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के खिलाफमोर्चा खोला था। इसके बाद से ही सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस लगातार ईरान के निशाने पर रहा है। ईरान का दावा है कि उसने अमेरिका के एक रूक-9 रीपर ड्रोन को भी मार गिराया है और एक स-16 लड़ाकू विमान को नुकसान पहुंचाया है। बताते चलें कि यह युद्ध अब तीन देशों तक सीमित नहीं रहा है। यमन के हूती बागियों ने भी इस्राइल पर मिसाइलें दाग दी हैं। वहीं, इस खूनी खेल में आम जनता बहुत बुरी तरह पिस रही है। कुछ दिन पहले ही मिनाब में एक गर्ल्स स्कूल पर मिसाइल गिरने से करीब 168 मासूम बच्चियों की मौत हो गई थी। ईरान ने साफकर दिया है कि वह अमेरिका और इस्राइल के ठिकानों पर ऐसे हमले जारी रखेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विज्ञापन एजेंसी के संचालकों को निगम आयुक्त के निर्देश पर बकाया राशि जल्दी जमा के निर्देश

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर पालिक निगम अपर आयुक्त श्री पंकज के. शर्मा ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र की पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों की बैठक लेकर उन्हें आंधी -तूफान में फटने वाले सभी फ्लेक्स को तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं. अपर आयुक्त ने सभी विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों से बकाया राशि जल्दी जमा करवाने निर्देशित किया है। अपर आयुक्त ने सभी विज्ञापन एजेंसियों को नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जारी किये जाने वाले सभी निर्देशों का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए है। बैठक में सभी पंजीकृत विज्ञापन एजेंसी संचालकों सहित नगर पालिक निगम रायपुर के अधीक्षक ( विज्ञापन ) श्री पद्माकर श्रीवास, सहायक अभियंता श्री नीतीश झा उपअभियंता श्री अमित सरकार की उपस्थिति रही।

### तीन फर्जी कॉल सेंटर से 42 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर में साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर की गई इस कार्रवाई में तीन अवैध कॉल सेंटरों से कुल 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह थाना गंज क्षेत्र के पिथालिया कॉम्प्लेक्स में दो और न्यू राजेंद्र नगर स्थित अंजनी टॉवर में एक कॉल सेंटर संचालित कर रहा था। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीनों स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। गिरफ्तार आरोपी गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मेघालय, हरियाणा और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों के रहने वाले हैं। जांच में दो मुख्य मास्टरमाइंड की पहचान गुजरात निवासी के रूप में हुई है। गिरोह का तरीका बेहद शातिर था। आरोपी विदेशी नागरिकों, खासकर अमेरिका के लोगों को कॉल कर लोन दिलाने और सिबिल स्कोर सुधारने का झांसा देते थे। इसके बाद फर्जी बैंकिंग प्रक्रिया दिखाकर पीड़ितों से पैसे ऐंठते थे। ठगी की रकम को गिफ्ट कार्ड (एप्पल, अमेजन, गूगल आदि) के जरिए वसूला जाता था और बाद में इसे कैश में बदलकर हवाला के माध्यम से मास्टरमाइंड तक पहुंचाया जाता था। इस पूरे नेटवर्क में देश-विदेश के कई लोग शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 67 मोबाइल फोन, 18 लैपटॉप, 28 कंप्यूटर सेट और 3 वाई-फाई राउटर जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 16.53 लाख रुपये बताई जा रही है।

### रायपुर संभाग के डाकघरों में अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा उपलब्ध

रायपुर। डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख डाकघरों एवं उपडाकघरों में अंतरराष्ट्रीय पार्सल एवं अंतरराष्ट्रीय लेख बुकिंग सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा के माध्यम से अब संभाग के नागरिक अपने पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित, सरल एवं व्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से भेज सकते हैं। डाक विभाग की यह सेवा पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी एवं विश्वसनीय है।

ग्राम कोडार में 250 मीटर तटबंध का होगा निर्माण

# नदी में तटबंध निर्माण से सुरक्षित होंगे घर-उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

- उपमुख्यमंत्री ने 4.08 करोड़ रुपए की लागत के सकरी नदी तटबंध निर्माण का किया भूमिपूजन
- तटबंध से रुकेगा कटाव और ग्रामीणों को मिलेगी बाढ़ से सुरक्षा

रायपुर/ संवाददाता

सकरी नदी में कटाव को रोकने और ग्रामीणों को बाढ़ से सुरक्षा देने के उद्देश्य से आज ग्राम कोडार में 4.08 करोड़ रुपए की लागत से 250 मीटर लंबे तटबंध निर्माण कार्य का भूमिपूजन उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने किया। इस महत्वपूर्ण परियोजना से ग्राम कोडार के नदी किनारे बसे मकान सुरक्षित होंगे, कटाव की समस्या पर नियंत्रण मिलेगा और ग्रामीणों को निस्तारी की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम रेगाखार पंचायत के आश्रित ग्राम कोडार में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सकरी नदी के किनारे लगातार हो रहे कटाव से ग्रामीणों को लंबे समय से परेशानी हो रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए इस तटबंध निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि 250 मीटर लंबा यह तटबंध न केवल नदी के कटाव को रोकेगा, बल्कि बाढ़ के दौरान पानी के दबाव से होने वाले नुकसान को भी कम करेगा। इससे नदी किनारे बसे घर सुरक्षित रहेंगे और लोगों को बार-बार होने वाले नुकसान से राहत मिलेगी। साथ ही, नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों के लिए निस्तारी की सुविधाएं भी बेहतर होंगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्राम में 142 आवास स्वीकृत किए गए हैं और सर्वे



सूची में शामिल सभी पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया जा चुका है। सरकार ने अपने वादे के अनुरूप गठन के साथ ही कैबिनेट की पहली बैठक में आवास योजना को स्वीकृति देकर इसे प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ गांव में ही आसानी से मिल सके, इसके लिए ग्राम पंचायत भवन में डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित किया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष सुविधा मिल रही है। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 25 किस्तों में 25 हजार रुपए की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है, जिससे महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिली है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके और गांवों का समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इस योजना को क्षेत्र के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे किसानों और आम ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने भी इस पहल पर खुशी जताते हुए शासन और उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। तटबंध निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सकरी नदी के किनारे बसे ग्राम कोडार के लोगों को कटाव और बाढ़ की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी, जिससे उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, श्री नितेश अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, श्री संतोष पटेल, श्री विजय पटेल, श्री वीरसिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हाईटेक गांजा गिरोह पर पुलिस का शिकंजा.......

रायपुर। रायपुर में हाईटेक तरीके से संचालित गांजा तस्करी नेटवर्क पर पुलिस ने एक और बड़ा प्रहार किया है। कुख्यात सरगना के सबसे करीबी सहयोगी को गिरफ्तार कर पुलिस ने इस संगठित गिरोह की कमर तोड़ने का दावा किया है।रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी सेंट्रल ज़ोन के निर्देशन में चल रहे सूखे नशे के खिलाफ विशेष अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने नेहरू नगर स्थित हाईटेक गांजा हाइडआउट मामले में फरार आरोपी मनीष वर्मा उर्फ बिरजू (उम्र लगभग 30 वर्ष) को 26 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इस पूरे नेटवर्क में मुख्य भूमिका निभा रहा था और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था।यह मामला 23 फरवरी 2026 को सामने आया था, जब नेहरू नगरकुनरैय्या तालाब क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अब्दुल जाफर और सुनील जगत को गांजा की फुटकर बिक्री करते हुए पकड़ा था। पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर कालीबाड़ी क्षेत्र स्थित एक किराए के मकान पर दबिश दी गई, जो इस गिरोह का हाईटेक हाइडआउट निकला।दबिश के दौरान पुलिस ने वहां से 7 किलो 397 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 85 हजार रुपये आंकी गई, बरामद किया। साथ ही पैकिंग सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई राउटर और मोशन सेंसर जैसे आधुनिक उपकरण भी जब्त किए गए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि गिरोह तकनीकी सुरक्षा के साथ संगठित तरीके से नशे का कारोबार चला रहा था।

## नो नक्सल जोन पर प्रवेश कर चुका है बस्तर-प्रवक्ता देवलाल ठाकुर.........

रायपुर। संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश में नक्सलवाद के समूल खात्मे को लेकर लगातार कार्य कर रहे है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन तय की है जिसमें अब केवल कुछ ही दिन का समय बचा है। उन्होंने कहा कि बस्तर ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिले नक्सलमुक्त हो चुके हैं। बस्तर अब नो नक्सल जोन में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव के कुशल नेतृत्व क्षमता एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के लगातार



प्रयास से बस्तर पुनः अपनी ऐतिहासिक बस्तर की ओर अग्रसर हो चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के प्रति बस्तर को नक्सल मुक्त बस्तर बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि दुर्दांत नक्सली पापाराव के सरेंडर के बाद अब सक्रिय तौर पर फिलहाल कोई नक्सली नजर नहीं आता है। नक्सलवाद को लेकर छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में सुरक्षाबलों और पुलिस कई अभियान चला रहे है जिसका परिणाम स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की साय सरकार की पुनर्वास योजना पर नक्सली भरोसा कर पुनः मुख्यधारा में जुड़ रहे है। इसके साथ ही केंद्र ने राज्यों को पुनर्वास नीतियां तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने से बस्तर अब वैश्विक नक्शे पर तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। कुटुमसर गुफा, झरने, अबूझमाड़ के जंगल और जनजातीय सांस्कृतिक धरोहर विश्व आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। होम-स्टे मॉडल तेजी से फल-फूल रहा है ।

## हौसला, हुनर और योजनाओं के सहारे महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर



रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले का छोटा सा गांव मनियारी आज एक बड़ी सीख दे रहा है- अगर इरादे मजबूत हों और सही मौके मिल जाएं, तो बदलाव दूर नहीं होता। यहां की पांच महिलाओं ने अपने साहस, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर न सिर्फ अपनी जिंदगी बदली, बल्कि पूरे गांव में नई सोच की शुरुआत कर दी। इस बदलाव की शुरुआत हुई अनुसूया साहू से। बचपन से सिलाई में माहिर अनुसूया के पास हुनर तो था, लेकिन आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी के चलते वह आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। घर-परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उनका सपना कहीं दब सा गया था। मार्च 2024 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को 1000 हजार रूपए की प्रत्येक माह आर्थिक मदद दिए जाने के उद्देश्य से शुरू की गई महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई। हर महीने मिलने वाली इस सहायता राशि को खर्च करने के बजाय उन्होंने बचाने का फैसला किया। छह महीने की बचत के बाद उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी और घर से ही काम शुरू किया। शुरुआत भले ही छोटी थी, कपड़ों की आल्टरिंग और साधारण सिलाई, लेकिन काम की गुणवत्ता ने जल्द ही उन्हें पहचान दिला दी। अनुसूया की कोशिशों ने गांव की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया। ओमकारेश्वरी साहू ने उनसे सिलाई सीखी और अपना काम शुरू किया। इसके बाद पार्वती, गंगा और हेमिनी भी जुड़ती चली गईं। देखते ही देखते यह पहल एक मजबूत महिला समूह में बदल गई, जहां सहयोग और सीखने की भावना ने इसे आगे बढ़ाया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इन महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी और पंजीकरण में मदद की। योजना के तहत मिली 5000 रुपये की सहायता राशि का उपयोग महिलाओं ने सिलाई मशीन खरीदने और अपने काम को विस्तार देने में किया। सही जानकारी और योजनाओं के उपयोग ने इनके आत्मविश्वास को नई उड़ान दी। आज ये पांचों महिलाएं मिलकर एक सफल सिलाई केंद्र चला रही हैं। वे महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए कपड़े तैयार कर रही हैं। समय पर काम और बेहतर गुणवत्ता के कारण गांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी उनकी पहचान बन चुकी है। इस पहल से उनकी आय में वृद्धि हुई है। अब वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने के साथ बच्चों की शिक्षा पर भी ध्यान दे रही हैं।

## भाजपा सरकार जो कहती है उसे करती भी है-प्रवक्ता प्रमोद शर्मा

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के 4.95 से अधिक हितग्राहियों को मिल रहा लाभ

रायपुर। संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी में किए सभी वादों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत बुधवार को प्रदेश के 4.95 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रदेश की



साय सरकार ने 495 करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित किया है। इस योजना के तहत प्रत्येक हितग्राहियों को 10 हजार प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार हर वर्ग का ध्यान रखती है। आज साय सरकार में प्रदेश का हर वर्ग युवा, महिला, किसान सभी खुशहाल है। आदिवासी अंचल के लोग भी केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही सभी योजनाओं का लाभ ले रहे है। युवाओं के कौशल विकास के लिए लगातार कार्य हो रहे हैं, महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, प्रदेश के किसान आज अपनी उपज का उचित कीमत प्राप्त कर रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहक भी तेंदूपत्ता के संग्रहण के माध्यम से सरकार की योजनाओं से सशक्त बन रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसा कोई परिवार नहीं होगा जिन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा होगा।

## भाजपा का घोषणा पत्र झूठ और फरेब-कन्हैया

रायपुर। संवाददाता

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार और नगरीय निकायों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव 2024 के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, जिन्हें आज 'ट्रिपल इंजन' की सरकार पूरी तरह भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी और अटल घोषणा पत्र के वादे धरातल पर केवल झूठ और जनता के साथ फरेब साबित हो रहे हैं। श्री अग्रवाल ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र की याद दिलाते हुए तीन मुख्य बिंदुओं पर सरकार को घेरते हुए कहा कि महिलाओं को संपत्ति कर में 25 प्रतिशत छूट: भाजपा ने वादा किया था । निकाय क्षेत्रों में महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों के कर में 25 प्रतिशत की भारी छूट दी जाएगी। आज तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ है। पुराने बकाया पर ब्याज माफी की घोषणा भी अधूरी। घोषणा पत्र में वादा था कि संपत्ति कर के जितने भी पुराने लंबित मामले हैं, उनका एकमुश्त निपटारा करने पर लगे हुए ब्याज को पूरी तरह माफ किया जाएगा। सरकार इस वादे से भी मुकर गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की गई थी पर हालात यह है कि 2500 रुपए में भी गैस सिलेंडर लोगों को मिल नहीं पा रहा है ।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स कर्नाटक का दबदबा कायम

# मणिकांता एल बने स्टार-छत्तीसगढ़ ने जीते एक रजत व दो कांस्य

- कर्नाटक का स्वर्णिम प्रदर्शन, तैराकी में पूर्ण वर्चस्व

रायपुर/ संवाददाता

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कर्नाटक ने अंतर्राष्ट्रीय स्विमिंग पूल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। कर्नाटक 10 से अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला राज्य बन गया है। तीसरे दिन के अंत तक कर्नाटक को कुल 13 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक हो गए हैं, जिनमें सभी स्वर्ण पदक तैराकी स्पर्धाओं से प्राप्त हुए हैं। कर्नाटक के स्टार तैराक मणिकांता एल ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरे दिन दो स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए। अब तक वे कुल आठ स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता के सबसे सफल खिलाड़ी बन चुके हैं और कर्नाटक की बढ़त को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पदक तालिका में ओडिशा 6 स्वर्ण, 2 रजत और 9 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है, जबकि असम 2 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मेजबान छत्तीसगढ़ 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 6 पदकों के साथ त्रिपुरा के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर बना हुआ है। मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य के लिए एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। अनुष्का भगत ने महिलाओं की 50 मीटर बेकस्ट्रोक स्पर्धा में रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपना तीसरा रजत हासिल किया, जबकि निखिल जाल्को ने पुरुषों की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। वहीं न्यासा पैकरा ने 100 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। तीसरे दिन महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना स्वर्ण खाता खोला। महाराष्ट्र की तन्वी धुर्वे ने महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, जबकि अरुणाचल प्रदेश की अनाई वांगसू ने 58 किग्रा वर्ग में तथा रिचिन चोंगरुजू ने 79 किग्रा वर्ग में वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का



नाम रोशन किया। तैराकी स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। महिलाओं की 50 मीटर बेकस्ट्रोक स्पर्धा में कर्नाटक की मेघांजलि ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि छत्तीसगढ़ की अनुश्का भगत को रजत प्राप्त हुआ। पुरुष वर्ग में मणिकांता एल ने 50 मीटर बेकस्ट्रोक और 100 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, वहीं 50 मीटर फ्रीस्टाइल में कर्नाटक के धुनीश एन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वेटलिफ्टिंग स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अरुणाचल प्रदेश की अनाई वांगसू ने 169 किलोग्राम वजन उठाकर 58 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा की बिंदु स्मिता भोई ने 63 किग्रा वर्ग में 195 किलोग्राम के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। पुरुष वर्ग में मिजोरम के एमएच सिलवान बेहरोथलो ने 71 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता, जबकि अरुणाचल प्रदेश के रिचिन चोंगरुजू ने 79 किग्रा वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रथम संस्करण में 30 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 3800 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती सहित कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर हैं, जबकि मल्लखंभ एवं कबड्डी प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल हैं। तीन दिनों के बाद 14 राज्यों ने कम से कम एक पदक जीत लिया है, जबकि 6 राज्यों ने स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में और अधिक रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबलों की उम्मीद जताई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 'अर्थ आवर' के अवसर पर ऊर्जा संरक्षण का सराहनीय संदेश

**बिलासपुर।** वैश्विक स्तर पर मनाए जाने वाले अर्थ आवर के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आज दिनांक 28 मार्च 2026 को रात्रि में बिलासपुर में प्रतीकात्मक रूप से रेलवे परिसरों की लाइटें बंद रखी गई। इस दौरान स्टेशन, कार्यालय एवं आवासीय कॉलोनी परिसरों में स्वैच्छिक रूप से लाइट्स बंद कर ऊर्जा बचत का संदेश दिया गया। हालांकि, यात्री सुरक्षा एवं आवश्यक सेवाओं को ध्यान में रखते हुए हॉस्पिटल, कंट्रोल ऑफिस, सिग्नलिंग एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं में विद्युत आपूर्ति यथावत रखी गई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस सामूहिक प्रयास के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि छोटी-छोटी पहल से भी बड़े स्तर पर ऊर्जा संरक्षण संभव है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे आमजन से भी अपील करता है कि वे ऊर्जा की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु ऐसे अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा सतत विकास की दिशा में अपना योगदान दें।

### 05 अप्रैल से कुमदा समपार फाटक (एबी-69) स्थायी रूप से होगी बंद

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा एवं संरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समपार फाटकों पर रोड ओवरब्रिज/रेल अंडरब्रिज का निर्माण कर वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होने के पश्चात समपार फाटकों को चरणबद्ध रूप से बंद किया जा रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत करंजीझविश्रामपुर रोड स्टेशनों के मध्य कि.मी. 1016/04-05 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या एबी-69 कुमदा फाटक (भटगांव के समीप) में सुरक्षित सड़क यातायात हेतु रोड ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा उपरोक्त रोड ओवरब्रिज से वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध कराने के उपरांत उक्त समपार फाटक को 05 अप्रैल 2026 (रविवार) दोपहर 03:00 बजे से सड़क यातायात हेतु स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे प्रशासन आमजनों से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें एवं सड़क यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

### हाईकोर्ट का असिस्टेंट प्रोफेसर की बर्खास्तगी पर बड़ा फैसला, कॉलेज प्रबंधन के आदेश को किया रद्द

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने डीपी विप्र कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर सोनल तिवारी की बर्खास्तगी को अवैध ठहराया है. जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू की बेंच ने आदेश दिया कि तिवारी को तुरंत सेवा में बहाल किया जाए, साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसर को 2019 से अब तक का पूरा वेतन और सभी लाभ दिए जाएं। सोनल तिवारी को 2018 में तत्कालीन प्रिंसिपल की शिकायत पर निलंबित किया गया था. 14 मई 2019 को कॉलेज की गवर्निंग बॉडी ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं. तिवारी ने फैसले को यूनिवर्सिटी में चुनौती दी, लेकिन राहत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की. हाईकोर्ट ने पाया कि कॉलेज प्रबंधन ने कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी की. नियमों के अनुसार किसी भी शिक्षक को हटाने से पहले यूनिवर्सिटी की कार्यकारिणी परिषद की मंजूरी जरूरी है, जो इस मामले में नहीं ली गई. कोर्ट ने कॉलेज प्रबंधन का तर्क खारिज किया. सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि जब कर्मचारी की कोई गलती न हो और उसे जबरन काम से दूर रखा जाए, तो वह पूरे वेतन का हकदार है. इस मामले में असिस्टेंट प्रोफेसर सोनल ने अपने इनकम टैक्स रिटर्न पेश कर साबित किया कि बर्खास्तगी के दौरान वे कहीं दूसरी संस्था में कार्यरत नहीं थी. वहीं उनकी आय का कोई साधन नहीं था ।

### बागेश्वर सरकार के हनुमंत कथा से पहले ढपढप में निकली कलश यात्रा

**कोरबा।** जिले में स्थित ढपढप क्षेत्र में शुक्रवार का दिन आस्था, भक्तिभाव और आध्यात्मिक ऊर्जा से पूरी तरह सराबोर नजर आया, जब दिव्य श्री हनुमंत कथा के शुभारंभ अवसर पर करीब 21 हजार महिलाओं ने एक साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में बदल दिया। यह दृश्य इतना अलौकिक और मनोहारी था कि जहां तक लोगों की नजर गई, वहां सिर्फ श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की झलक ही दिखाई दी। पीले वस्त्रों से सुसज्जित महिलाओं ने सिर पर पवित्र कलश धारण कर जैसे ही यात्रा की शुरुआत की, पूरा ढपढप क्षेत्र 'जय श्री राम', 'बोलो पवनपुत्र हनुमान की जय' और 'जय बजरंगबली' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।

पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के मद्देनज़र कमिश्नर-आईजी ने ली समीक्षा बैठक

# कलेक्टर-एसपी और तेल कंपनियों को दिए अहम निर्देश,आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता,अफवाहों पर नियंत्रण और सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिय.....

**बिलासपुर।** पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप संभागीय कमिश्नर सुनील जैन एवं आईजी रामगोपाल गर्ग ने मंथन सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेकर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक तथा तेल कंपनियों के अधिकारियों, डीलरों एवं वितरकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में कमिश्नर सुनील जैन ने पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरकों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की । अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बिलासपुर सहित पूरे संभाग में इन वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। कमिश्नर श्री जैन ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अफवाहों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आमजन तक सही एवं तथ्यात्मक जानकारी समय पर पहुंचाई जाए तथा सोशल मीडिया



सहित अन्य माध्यमों पर भ्रामक खबरों की सतत निगरानी रखते हुए उनका तत्काल खंडन किया जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 1800-233-3663 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही प्रत्येक जिले में कंट्रोल रूम को सक्रिय रखते हुए प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर सहित आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों के स्टॉक और वितरण की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि उर्वरकों की होल्डिंग पर रोक लगाई जाए तथा किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए। दैनिक स्टॉक की निगरानी कर वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। अस्पतालों, छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में गैस और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आईजी श्री गर्ग ने निर्देश दिए कि सीमावर्ती चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। गैस सिलेंडरों एवं पेट्रोल-डीजल के परिवहन पर कड़ी नजर रखी जाए तथा अवैध रूप से कंटेनरों में ईंधन बिक्री पर रोक लगाई जाए। बैठक में तेल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि संभाग में पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। अंत में कमिश्नर एवं आईजी ने सभी अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करते हुए आमजन को निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## मन की बात का हर एपिसोड देशवासियों के लिए कुछ नया सीखने का अवसर: कौशिक

■ कार्यकर्ताओं के साथ सुना पीएम मोदी की मन की बात का 132वां संस्करण

**बिलासपुर।** बिल्हा विधानसभा व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने आज बूथ क्रमांक 210, बोदरी में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष सुरेश पोटानी के निवास पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' 132 वां संस्करण को सभी के साथ मिलकर सुना। इस अवसर पर श्री कौशिक ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने वैश्विक परिस्थितियों के बीच खाड़ी देशों द्वारा भारतीयों को दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने देशवासियों से अपील की कि इस चुनौतीपूर्ण समय में हम सभी एकजुट रहें,



जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें। इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि 'मन की बात' न केवल विचारों का आदान-प्रदान है, बल्कि यह देश को एक सूत्र में बांधने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि इसके हर एपिसोड से देशवासियों को कुछ नया सीखने और करने की प्रेरणा मिलती है।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कर्मयोगियों, नवाचार करने वालों और समाज के लिए समर्पित लोगों के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मंच के जरिए देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित करते हैं, जिससे आमजन स्वयं को राष्ट्र निर्माण से जुड़ा हुआ महसूस करता है. उस अवसर पर कार्यकर्ता गण एवं आमजन उपस्थित रहे।

## खेलो इंडिया ट्रायबल गेम में न्यासा ने दिलाई जीपीएम को पहला मेडल

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** खेलो इंडिया ट्रायबल गेम रायपुर में आयोजित की जा रही है जिसमें ? गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की छोटा से गांव मुरमुर जहां एक आदिवासी किसान महिपाल सिंह पैकरा और सुनीता बाई पैकरा की बेटी न्यासा पैकरा का जन्म हुआ। न्यासा की ? प्राथमिक शिक्षा दीक्षा उनके नाना नानी के यहां ग्राम उमरखोही के विद्यालय में हुई। न्यासा की हायर सेकंडरी की शिक्षा अभी? राजकुमार कॉलेज रायपुर में कक्षा 12वीं की छात्रा है। ? न्यासा शुरू से ही खेल तथा शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी रही है, सर्वप्रथम वह गांव की तालाब से तैरना सीखी और वही रुचि उसको ? तैराकी में पारंगत कर गई,100 मीटर बटर फ्लाई इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले व छत्तीसगढ़ के झोली में एक पदक को इजाफा की है।




विदित हो कि न्यासा जिला पंचायत गौरेला पेण्ड्रा मरवाही की अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा की भतीजी हैं। मैडल प्राप्त करने पर जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने बधाई देते हुए कहा कि इस जिले में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं जिसे न्यासा ने साबित कर दिया है। इस उपलब्धि पर दिनेश सिंह दाऊ महासचिव तैराकी संघ,सीमा डेविड जिला खेल अधिकारी, सुश्री निकिता मरकाम प्रभारी सहायक संचालक खेल ने भी बधाई दी है।

# ग्रामीण न्याय व्यवस्था को मिलेगा नया बल अधिवक्ता नरेन्द्र गोस्वामी बने बिलासपुर ग्रामीण विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**बिलासपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में न्यायिक जागरूकता और विधिक सहायता को मजबूत करने के उद्देश्य से बिलासपुर जिला ग्रामीण विधि प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। संगठन ने नरेन्द्र गोस्वामी (अधिवक्ता) को जिला संयोजक के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। कोटा क्षेत्र में सक्रिय रूप से विधि व्यवसाय कर रहे नरेन्द्र गोस्वामी अपनी स्पष्ट कार्यशैली, जनसरोकारों से जुड़ाव और विधिक मामलों में गहरी समझ के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन द्वारा एक रणनीतिक



कदम माना जा रहा है, जिससे ग्रामीण अंचलों में न्यायिक सेवाओं की पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। नव-नियुक्त जिला संयोजक के रूप में गोस्वामी की प्राथमिकता ग्रामीण नागरिकों को सुलभ और समयबद्ध कानूनी सहायता प्रदान करना, विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंदों को न्याय दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाना होगा। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि नरेन्द्र गोस्वामी के नेतृत्व में ग्रामीण विधि प्रकोष्ठ नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा और आमजन के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उनकी नियुक्ति से बिलासपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में न्यायिक व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## पर्यटन विभाग के रिसोर्ट में पकाया गया हिरण का मांस,4 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** जिले के कोटा क्षेत्र स्थित एक पर्यटन विभाग संचालित रिसॉर्ट में कथित तौर पर हिरण का मांस पकाए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### गुप्त सूचना पर कार्रवाई

वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कोटा से करीब 14 किलोमीटर दूर कुरदर वैली रिसॉर्ट में वन्यजीव संरक्षण कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे टीम ने छापा मारा। मौके पर किचन के बाहर चूल्हे पर संदिग्ध मांस पकता हुआ पाया गया। टीम ने पका हुआ मांस, कढ़ाई और अन्य सामग्री जब्त कर ली।

### 4 आरोपी गिरफ्तार

कार्रवाई के दौरान रिसॉर्ट मैनेजर रजनीश सिंह, कर्मचारी रमेश यादव, संजय वर्मा और रसोइया रामकुमार टोप्पो को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों से देर रात करीब 11:15 बजे बेलगहना रेस्ट हाउस में पूछताछ की गई।

### मुख्य आरोपी फरार

पूछताछ में मैनेजर और कर्मचारियों ने खुद को मामले से अनभिज्ञ बताया और जिम्मेदारी रसोइए पर डाल दी। वहीं रसोइया रामकुमार टोप्पो ने खुलासा किया कि सुबह गांव का एक व्यक्ति जनक बैगा मांस देकर उसे पकाने को कहा था। वन विभाग के अनुसार, इस मामले का मुख्य आरोपी जनक बैगा फरार है, जिसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

### जांच के लिए भेजा गया मांस

जब्त किए गए मांस को जांच के लिए जबलपुर लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मांस हिरण का था या किसी अन्य जंगली जानवर का।

### वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

बताया जा रहा है कि संबंधित रिसॉर्ट पर्यटन विभाग के अधीन संचालित होता है और यहां 8 से 10 कर्मचारी कार्यरत हैं। वन विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने किया 1 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन,भाजपा सरकार का संकल्प..

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने विधानाभा बिल्हा के सिरगिट्टी क्षेत्र में लगभग 01 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत सिरगिट्टी मुख्य मार्ग बन्नाकडीह चौक से रेलवे अंडर ब्रिज तक 03 किलोमीटर तक विद्युतीकरण पोल एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर रोशनी और सुरक्षा की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर धरमलाल कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत से नगर पंचायत और अब बिलासपुर नगर निगम में शामिल होने के बाद सिरगिट्टी में जन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में युवाओं के लिए



मिनी स्टेडियम, क्षेत्र में भव्य शादी भवन, तालाबों का सौंदर्यीकरण व जलभराव व्यवस्था तथा चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिल्हा के विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत है और इसी तरह पूरे क्षेत्र में बहुमुखी विकास हो रहा है। साय सरकार का संकल्प है कि हर गाँव को सौन्दर्यपूर्ण बनाना, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्व में साय सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को 2047 तक एक विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का रोडमैप है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 11 पार्षद श्रीमती केशरी इंगोले, जोन अध्यक्ष एवं वार्ड 12 पार्षद विजय सिंह मरावी, श्रीमती गायत्री मनोज दुबे, जोन कमिश्नर भूपेन्द्र उपाध्याय, मंडल महामंत्री अजय कश्यप, राजू मानिकपुरी, दिनेश कौशिक, बाली श्रीवास, बाबा खान, द्रोण सोनकलिहारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

